समीक्षा बैठक/दिनांक 12.01.2022/ई–मेल

प्रेषक,

उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या),
मेरठ मण्डल, मेरठ।

सेवा में ,

समस्त मुख्य विकास अधिकारी,
मेरठ मण्डल।

पत्रांकः: 896 ::/समीक्षा बैठक/2021–22 दिनांकः– 06 जनवरी, 2022

विषयः– आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 12.01.2022 (दिन बुधवार) की पूर्वान्ह 10:00 बजे आयुक्त सभागार में रू0 50 लाख (सड़कों को छोड़कर), रू0 50 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाएं तथा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक का आयोजन।

महोदय,

आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 12.01.2022 (दिन बुधवार) की पूर्वान्ह 10:00 बजे आयुक्त सभागार में रू0 50 लाख (सड़कों को छोड़कर), रू0 50 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं तथा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

कृपया उपरोक्त समस्त सूचनाओं की साफ्ट कापी एवं गत बैठक की अनुपालन आख्या आज दिनांक 06.12.2021 की अपरान्ह 4:00 बजे तक **meedd@nic.in** पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने का कष्ट करें। माह नवम्बर, 2021 के प्रगति विवरण की सॉफ्टकापी संलग्नकर प्रेषित है।

इस समीक्षा बैठक में समस्त मुख्य विकास अधिकारी, नगर निगम, गाजियाबाद/मेरठ तथा विकास प्राधिकरण गाजियाबाद/मेरठ के अधिकारी, निर्माण कार्यो से सम्बन्धित स्थनीय निकाय के अधिशासी अधिकारी, मण्डल/जनपद स्तरीय कार्यदायी संस्था/ विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। वे कार्यदायी संस्थाएँ जिनका कार्यालय मण्डल के बाहर है, उनके द्वारा भी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जायेगा। कृपया अपने स्तर से सम्बन्धित को अद्यतन प्रगति के साथ बैठक में प्रतिभाग करने हेतु अवगत कराने का कष्ट करें। कृपया सम्बन्धित को यह भी सूचित कर दें कि आयुक्त सभागार में सीमित क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के प्रत्येक कार्यदायी संस्था/विभाग के मात्र एक अधिकारी द्वारा ही प्रतिभाग किया जाये।

भवदीय,

शुऐब 6/1/2022

(डा0 शुऐब अहमद)
उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या)
मेरठ मण्डल, मेरठ।

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वैयक्तिक सहायक, आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ को आयुक्त महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त जिलाधिकारी, मेरठ मण्डल।
3. अपर आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ को उक्त दिनांक को सभागार आरक्षित करने के सम्बन्ध में।
4. संयुक्त विकास आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।
5. उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद/मेरठ।
6. नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद/मेरठ।
7. समस्त सम्बन्धित मण्डलीय अधिकारी (विभागीय/कार्यदायी संस्था) को इस आशय से कि कृपया मण्डल की संकलित सूचना की साफ्ट कॉपी **meedd@nic.in** पर आज दिनांक 06.01.2022 की अपरान्ह 4:00 बजे तक उपलब्ध कराने के साथ बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

शुऐब 6/1/2022

उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या)
मेरठ मण्डल, मेरठ।